कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

शुद्धि–पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 747/सा0नि0अनु0/न0नि0/दे0दून0/2023–24, दिनांक–31.05.2023 द्वारा अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रकाशित हुई है। जिसका Tender Reference Number – 747/NND2023-24 है, में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

- निविदा प्रपत्र के पृष्ठ संख्या 02 के बिन्दु संख्या 13 में उल्लेखित 3 प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति के स्थान पर 5 प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति पढ़ा जाय, जिसे बैंक गांरटी/ एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट आदि के रूप में जो वित्त नियंत्रक, नगर निगम देहरादून के नाम से संरक्षित हो जमा किया जाना है।
- निविदा प्रपत्र के पृष्ठ संख्या 02 में बिन्दु संख्या 19 को जोड़ा जाता है जो निम्नवत है:–
  बिन्दु संख्या– 19 उक्त कार्य न्यूनतम दर प्रस्ताव (L-1) करने वाले निविदादाता को दिया जायेगा। अगर (L-1) निविदादाता आपूर्ति/कार्य समय पर नही करता है या कार्य की अधिकता होने की दशा में कार्य की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी फर्म से उपरोक्त वर्णित शर्तो के अनुसार (L-1) की दरों पर कार्य करने का अवसर प्रदान करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के पास रक्षित होगा। यह निविदा Rate Contract के रूप में की जायेगी।
- निविदा प्रपत्र के पृष्ठ संख्या 04 प्रपत्र (क) तकनीकी निविदा का प्रारूप के अर्न्तगत उप शीर्षक – संलग्क/प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का विवरण में बिन्दु संख्या 09 में उल्लेखित विगत तीन वर्षो का टर्न ओवर प्रतिवर्ष 01 करोड़ से कम न हो (C.A द्वारा प्रमाणित) के स्थान पर निविदा प्रपत्र के पृष्ठ संख्या 02 के बिन्दु संख्या 11 के अनुसार विगत तीन वर्षो का औसत टर्न ओवर 01 करोड़ से कम न हो (C.A द्वारा प्रमाणित) पड़ा जाय।
  शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेंगे।

नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक–751/सा0नि0अनु0/न0नि0/दे0दून/2023-24 दिनांक –01/06/2023

प्रतिलिपिः–

1. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त शुद्धि–पत्र सम्बन्धी समस्त विवरण वेबसाईड www.uktenders.gov.in एवं नगर निगम देरादून की वेबसाईट में तत्काल अपलोड करें।
2. नोटिस बोर्ड नगर निगम कार्यालय पर चस्पा करने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम देहरादून।

Scanned with CamScanner